(ix) Need to connect Vaishali in Bihar by rail :

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति महोदया, बिहार में ऐतिहासिक स्थल वैशाली को रेल लाइन से जोड़ने के उद्देश्य से सर्वेक्षण कर 17फरवरी, 1997 को शिलान्यास किया गया था। हाजीपुर, लालगंज, वैशाली, सरैया, साहेबगंज, केसरिया, अरेराज तथा सुगौली तक सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया गया, लेकिन बार-बार सरकार द्वारा वैशाली को रेल आइन से जोड़ने एवं बुद्धिट सर्किट को पूरा करने की शोाणा के बाद भी रेल बजट में इसे शामिल नहीं किया गया है। इससे वहां के लोग क्षुब्ध हैं। अत: हाजीपुर-वैशाली-सुगौली को रेल लाइन से जोड़ने हेतु रेल बजट में शामिल करने के लिए मैं आग्रह करता हूं।